अमर उजाला 18/12/2024

जीएमएन कॉलेज में भाषा लैब का शुभारंभ

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में भाषा लैब का शुभारंभ कॉलेज एलुमनी अंजलि वधावन ने किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने उनका स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्य ने बताया कि इस लैब एनईपी को भारतीय ज्ञान प्रणाली के अनुसार ही तैयार किया है। यहां सभी भाषाओं को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने बताया कि जो छात्र अंग्रेजी संचार कौशल पढ़ने, लिखने और समझने में कमजोर हैं, उनकी पहचान संचार कौशल पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले संकाय से की जाएगी और उन्हें भाषा प्रयोगशाला में काम करने के लिए असाइनमेंट दिया जाएगा। कॉलेज में कॅरिअर अप्वाइंटमेंट पर सेमिनार करवाया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने नौकरी के लिए विदेशी एकाउंटिंग की उपयोगिता के पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर साहिल वर्मा, कोमल अग्रवाल, श्वेता कोमल और करुण उपस्थित रहे। संवाद